हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 29 अगस्त 2025

06 चिकित्सालय में उच्च जोखिम गर्भावस्था का सुरक्षित...



07 ‘योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना...





### शहर में 10 दिनों तक रहेगी गणेश उत्सव की धूम

## शुभ मुहूर्त में घर-घर विराजे रिद्धि सिद्धि के दाता गणपति बप्पा









हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

बुधवार गणेश चतुर्थी पर शुभ मुहूर्त में घर-घर विराजे रिद्धि सिद्धि के दाता गजानन गणेश। हिंदू मान्यता के अनुसार गणेश जी को प्रथम पूज्य भगवान माना जाता है किसी भी शुभ कार्य करने से पहले सर्वप्रथम गणेश जी की पूजा की जाती है और माना जाता है कि गणेश जी सब कार्यों में मंगल करते हैं। इसी मंगल कामना की आस लिए लोग घर-घर गणेश चतुर्थी पर गणेश जी की स्थापना करते हैं और 10 दिनों तक उनकी पूजन अर्चन कर घर में मंगल होने की कामना करते है और उनकी सेवा पूजा करते हैं।

### सार्वजनिक स्थानों पर भी विराजे गणराज

हर साल की तरह इस वर्ष भी नगर में गणेश चतुर्थी पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। नगर में माताजी चौराहा, गांधी मार्केट, पीपल चौक, खरांजा चौक, बजरंग मोहल्ला, राजवाड़ा आदि जगह सार्वजनिक तौर पर बड़ी-बड़ी गणेश जी की मूर्तियां स्थापित की गई और ढोल नगाड़ों और गणपती बाप्पा मोरिया के जयकारों और ढोल नगाड़ों की थाप के साथ बप्पा का मंगल आगमन किया गया और पांडाल में विधि विधान से गजानन की पुजा,आरती कर बप्पा को विराजित किया गया।

### प्राचीन गणेश मंदिर पर हुआ आकर्षक श्रृंगार


नगर के अति प्राचीन पीपल चौक स्थित श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर पर प्रथम पूज्य विघ्नहर्ता गणेश जी का मन मोहक श्रृंगार किया गया साथ ही परिसर की आकर्षक साज सज्जा की गई। गणेश जी के आकर्षक श्रृंगार के बाद रात्रि 8:00 बजे महा आरती की गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। आरती के पश्चात प्रसाद में लड्डूओं का वितरण किया गया।

### नलखेड़ा का अद्वितीय बड़ा गणेश मंदिर

## 500 वर्षो से भी प्राचीन गोबर से बनी भगवान गजानंद की प्रतिमा कमल पर विराजित हैं गौरीपुत्र गणेश

- *सच्चे मन से कामना करने से होती है मनोकामना पूरी*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



नगर के मध्य गणेश दरवाजे पर अत्यंत ही प्राचीन बड़ा गणपति जी की मूर्ति विराजमान है। पुरातत्ववेत्ताओं के अनुसार यह मूर्ति 500 वर्ष से भी अधिक प्राचीन होकर गोबर से बनी हुई है। दस दिवसीय गणेशोत्सव पर्व के दौरान गोबर की यह मूर्ति श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगी। कहते है यहां भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण होती है। नगर के मुख्य द्वार पर स्थित इस मूर्ति की स्थापना किसने की है इसका उल्लेख तो कहीं नहीं मिलता है। लेकिन प्रसिद्ध पुरातत्वविद् स्व. विष्णु श्रीधर वाकणकर (उज्जैन) जब नलखेड़ा आए थे तब उन्होंने इस प्रतिमा को विश्व की एकमात्र गोबर से निर्मित प्रतिमा बताते हुए कहा था कि यह प्रतिमा 500 वर्ष से अधिक प्राचीन है तथा इसकी उंचाई लगभग 10 फीट से अधिक है।

पुरातत्ववेत्ताओ तथा किवदंतियों के अनुसार राजा नल की नगरी नलखेडा में पांडवकालीन पीतांबरा सिद्धपीठ मां बगलामुखी का प्राचीन मंदिर होने से यह नगर देश सहित विदेशो में भी प्रसिद्धि प्राप्त कर रहा है। सैकड़ों वर्ष पूर्व नलखेड़ा नगर गांव के रुप में पूर्व दिशा में 2 किलोमीटर दूर बल्ड़ावदा हनुमान मंदिर की पहाड़ी पर बसा हुआ था। प्राकृतिक आपदा के कारण उस वक्त का नलखेड़ा गांव जमीदोंज हो गया। इसके बाद ग्वालियर रियासत के तात्कालिक महाराजा माधवराव सिंधिया (मोतीवाला) के एक मराठा सूबेदार ने नलखेड़ा नगर को नया स्वरूप दिया व नगर की सुरक्षा के लिए चारों ओर ऊंची दीवारों का परकोटा बनाया गया। उस समय नगर की सुरक्षा के लिए चार दिशाओं में चार दरवाजे भी बनाए गए, जिनके अवशेष आज भी हैं। इनमे से दो नाम गणेश दरवाजा एवं सती दरवाजा आज भी प्रचलन में है। एक दरवाजे के मुहाने पर गणपतिजी की विशालकाय मूर्ति स्थापित है, इसी कारण इसका नाम गणेश दरवाजा रखा गया।

नलखेड़ा नगर के धार्मिक इतिहास को देखकर पूर्व शंकराचार्य व भारत माता मंदिर हरिद्वार के संस्थापक ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि जी व जैन संत जिनचंद्र सूरिजी, बीकानेर (राजस्थान) ने कहा था कि जिस नगर के मुख्य द्वार पर गणेश व दाहिने हाथ पर मां जगदंबा भवानी विराजमान हो, वहां कोई आपदाऐं नहीं आती है।

### रिद्धि-सिद्धि भी है साथ

गणेश जी की इस विशालकाय प्रतिमा के आसपास रिद्धि-सिद्धि की प्रतिमाएं भी विराजित हैं। इस मंदिर को शासन से प्राप्त राशि से नया स्वरूप प्रदान किया गया है। जिसमें गणेश प्रतिमा के नीचे कमल के फूल का निर्माण करवाया गया था। इससे अब ऐसा स्वरूप दिखाई पडता है कि भगवान श्री गणेश कमल के फूल पर विराजित हैं। इसके साथ ही मंदिर में आकर्षक लाईट व्यवस्था के साथ गर्भगृह को भी बडा किया गया है।

### शुभ कार्य मे दिया जाता है निमंत्रण

नगर सहित आसपास के हिन्दू परिवारों में शादी विवाह के साथ अन्य कोई शुभ कार्य आता है तो उनके द्वारा सर्वप्रथम भगवान बड़े गणपति जी को ही निमंत्रण पत्र देकर विनती की जाती है कि उनका वह कार्य विघ्नहर्ता श्री गणेशजी की कृपा से निर्विघ्न रूप से संपन्न हो जाए। इसी तरह नवदंपति भी अपने सफल वैवाहिक जीवन की मंगलकामना को लेकर भगवान श्री गणेश का आशीर्वाद प्राप्त करने आते हैं।

## कक्का इंटरनेशनल स्कूल के 11 छात्रों का संभागीय कबड्डी टीम में चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

कक्का इंटरनेशनल स्कूल के 11 छात्र - छात्राओं का चयन संभागीय स्तर की कबड्डी टीम में हुआ। मां बगलामुखी परिसर में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें कक्का इंटरनेशनल स्कूल के छात्राओं का चयन संभागीय टीम के लिए हुआ। 14 वर्ष छात्र वर्ग में रेहान पाटीदार, कर्तव्य पाटीदार, निकुंज गोठी, कृष्णा भालोट, चन्द्रपाल सिसौदिया। 14 वर्षीय छात्रा वर्ग में जया पाटीदार ,सृष्टि शर्मा ,17 वर्षीय छात्रा वर्ग में जागृति तेजरा, मधु मालवी 17 वर्षीय छात्र वर्ग में देवेंद्र चंद्रावत एवं 19 वर्षीय छात्र वर्ग में विजय चौहान का चयन संभागीय कबड्डी टीम में हुआ है, छात्र-छात्राओं को इस खेल में सफल मार्गदर्शन पीटीआई जितेंद्र चंदेल एवं प्रिया चंद्रावत ने दिया। छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर संस्था के डायरेक्टर मनीष गुप्ता, नवीन पांडिया, प्राचार्य अरविंद शुक्ला एवं सीईओ मयूर मुंदडा ने बधाई प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

### जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता सम्पन्न



**नलखेड़ा।** जिला स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत मंगलवार को स्थानीय मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित पीताम्बरा सेवा समिति के भंडारा परिसर में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ न्यायाधीश नितिन सोनी एसडीओपी देवनारायण यादव एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश त्रिवेदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य ओम प्रकाश बंसिया विकासखंड क्रीडा अधिकारी महेश पाटीदार अमजद खान केसी विट्ठल आदि भी उपस्थित थे। संचालन मनोज दुबे द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग अंडर-19 नलखेड़ा विजेता अंडर 17 में बड़ोद विजेता अंडर 14 में नलखेड़ा विजेता गर्ल्स अंडर 19 आगर विजेता अंडर 17 सुसनेर विजेता अंडर 14 सुसनेर विजेता रहा।

## पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया पुलिस थाना का वार्षिक निरीक्षण

### रिकॉर्डों का गहन परीक्षण, पुलिस स्टाफ से संवाद व प्रभावी पुलिसिंग हेतु दिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



पुलिस अधीक्षक आगर मालवा विनोद कुमार सिंह द्वारा गुरुवार को पुलिस थाना नलखेड़ा का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर पहुंचकर पुलिस अधीक्षक ने सर्वप्रथम थाना प्रभारी नागेश यादव सहित समस्त स्टाफ से परिचय प्राप्त किया एवं उनकी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। उन्होंने स्टाफ से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा उनके उचित निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा मालखाना शस्त्रागार हवालात विवेचना कक्ष शिकायत शाखा सीसीटीएनएस समंस-वारंट शाखा सहित थाना की समस्त शाखाओं का गहन अवलोकन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने संधारित रजिस्टरों जैसे वीसीएनबी अपराध रजिस्टर मर्ग चालान व माइक्रो बीट रजिस्टर का परीक्षण कर उन्हें अद्यतन रखने तथा आवश्यक जानकारियां सुव्यवस्थित रूप से दर्ज करने हेतु निर्देशित किया। विशेष रूप से वीसीएनबी रजिस्टर में थाना क्षेत्र की सामाजिक राजनीतिक व भौगोलिक परिस्थितियों का स्पष्ट उल्लेख करने पर बल दिया गया। अपराध नियंत्रण के संदर्भ में पुलिस अधीक्षक ने लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि शिकायतों एवं मर्ग का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा लंबित चालानों को शीघ्र न्यायालय में प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने गंभीर अपराधों में वांछित आरोपियों की सक्रियता से पतारसी कर गिरफ्तारी सुनिश्चित करने को कहा। गुंडा बदमाश व निगरानी बदमाशों की गतिविधियों की नियमित निगरानी करते हुए उनके जीवन-यापन व संबंधियों की जानकारी रजिस्टर में संधारित करने पर भी बल दिया गया। एसपी द्वारा माइक्रो बीट प्रणाली को प्रभावी बनाते हुए प्रत्येक बीट प्रभारी को अपने क्षेत्र में नियमित भ्रमण करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि थाना स्टाफ गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग करें एवं चोरी नकबजनी जैसे अपराधों की रोकथाम हेतु सक्रियता से कार्य करें। धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बैंक व एटीएम की नियमित चेकिंग एवं रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश भी दिए गए। मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत निरंतर कार्वाई कर आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने पर बल दिया गया। साथ ही माइनर एक्ट के अंतर्गत सट्टा जुआ गांजा व स्मैक जैसे मादक पदार्थों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के लिए कहा गया। उन्होंने यह भी कहा कि कालाबाजारी सूदखोरी मिलावटखोरी एवं जमाखोरी जैसी सामाजिक बुराइयों पर सतत निगरानी रखते हुए तत्काल कार्रवाई की जाए। थाना परिसर में आने वाले फरियादियों हेतु बैठने की पर्याप्त व्यवस्था एवं शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु भी आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने समस्त स्टाफ को कर्तव्य के प्रति सजग संवेदनशील एवं उत्तरदायी बने रहने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी नागेश यादव सहित थाना नलखेड़ा का समस्त बल उपस्थित रहा।

### फसल बीमा राशि नहीं मिलने के कारण बीते एक सप्ताह से किसान कर रहे प्रदर्शन

## खराब सोयाबीन की फसल लहराते हुए किसानों ने किया बीमा क्लेम की राशि नहीं मिलने का विरोध





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के ग्राम पीपलनेर और आसपास के गांवों के किसान पिछले कई सालों से खराब हुई सोयाबीन की फसल और बीमा राशि न मिलने से बेहद दुखी हैं। बुधवार को किसानों ने आक्रोशित होकर लंबी रैली निकाली और हाथों में खराब सोयाबीन की फसल लेकर सड़क पर बैठकर जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों का कहना है कि विगत 5 वर्षों से लगातार सोयाबीन की फसल खराब हो रही है। इस साल भी फसल खराब हो गई है, लेकिन न तो बीमा कंपनी ने उन्हें राशि दी और न ही कृषि विभाग के अधिकारियों ने कोई सर्वे कराया।

ग्राम पीपलनेर के किसानों ने सोयाबीन की फसल खराब हो जाने के कारण एवं 5 साल से बीमा राशि नहीं मिलने से दुखी होकर रोड पर एवं खराब सोयाबीन की फसल में एवं रोड पर बैठकर जमकर प्रदर्शन किया।बीमा राशि देने के नारे लगाए। किसानों ने खराब सोयाबीन की फसल हाथों में लिए लंबी रैली निकाली और रोड पर एवं खराब सोयाबीन की फसल में पर धरने पर बैठ गए और सरकार से बीमा राशि देने एवं खराब सोयाबीन की फसल का सर्वे करा कर राहत राशि देने एवं बीमा राशि देने की मांग की गई। सीहोर जिले के अनेक गांव के किसान लोग पिछले एक सप्ताह से किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में किसान लोग किसी न किसी गांव की नदी में जल सत्याग्रह कर रहे हैं किसानों ने मंगलवार को कलेक्ट सीहोर के कार्यालय पहुंचकर एसडीएम एवं डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन देकर 5 साल से खराब हुई सोयाबीन की फसल का बीमा देने की मांग की और खराब हो रही सोयाबीन की फसल की शीघ्र सर्वे करा कर अधिकारी को गांव में भेजने की मांग भी की गई लेकिन ज्ञापन देने के बाद भी इतना कुछ करने के बाद भी ना बीमा कंपनी के कृषि विभाग के कोई भी अधिकारी ग्राम पीपलनेर नहीं आए तो दुखी परेशान होकर किसानों खराब सोयाबीन की फसल को हाथों में लेकर लेते हुए रोड रोड लंबी रैली निकाली। इस दौरान जमकर बीमा कंपनी के खिलाफ नारे लगाए और सरकार से बीमा राशि देने की मांग की गई। रोड पर एवं खेतों में किसान प्रदर्शन करते रहे और सरकार से मांग की है कि हमारी खराब हुई फसल को जाकर देखें और विगत 5 साल से खराब हो रही सोयाबीन की बीमा राशि दिलाए। किसान मानसिंह परमार, गजराज सिंह राजपूत, इंदर पटेल, लक्ष्मी नारायण, अवध नारायण, ज्ञान सिंह, लक्ष्मी नारायण, अवध नारायण, महेश विश्वकर्मा, मेहरबान सिंह राजपूत किसानों ने खराब सोयाबीन की बीमा राशि देने की मांग की गई।

## गैस सब्सिडी व कनेक्शन जारी रखने के लिए उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी करवाना हुआ अनिवार्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

गैस सब्सिडी और कनेक्शन को जारी रखने के लिए उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। इसकी अंतिम तिथि 30 सितंबर निर्धारित है। यह प्रक्रिया बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण पहचान और पते के सत्यापन के माध्यम से की जाती है। जिसे घर बैठे अपने मोबाइल ऐप से या अपनी गैस एजेंसी जाकर ई-केवाईसी पूरी कर सकते हैं। ई-केवाईसी न कराने पर सब्सिडी बंद हो सकती है और गैस कनेक्शन ब्लॉक भी हो सकता है। गौरतलब है कि सरकार ने डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) गैस सब्सिडी के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य कर दिया है जिससे सब्सिडी सीधे उपभोक्ता के खाते में आती है। यदि कनेक्शनधारी की मृत्यु हो गई है तो परिवार का कोई व्यक्ति कनेक्शन अपने नाम पर ट्रांसफर कराकर ई-केवाईसी कर सकता है। उक्त जानकारी देते हुए नलखेड़ा स्थित श्री नाकोडा एचपी गैस एजेंसी संचालक नवदीप सकलेचा ने बताया कि ई केवाईसी के लिए गैस एजेंसी द्वारा जगह जगह कैंप भी लगाए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### वृद्ध आश्रम, दृष्टिहीन विद्यालय में किए गए फल वितरण



**देवास।** इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के 1500 वे पैदाइश के जश्न के मौके पर शहर काजी इरफान अहमद अशरफी साहब की सरपरस्ती में वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों को , दृष्टि हीन कन्या केंद्र में तथा एमजी हॉस्पिटल में सभी मरीजों को फल वितरण किए गए। इस अवसर पर काजी नोमान अहमद अशरफी मुफ्ती जरीफ अहमद अशरफी सीरत कमेटी के सरपरस्त सुल्तान असरार अहमद अशरफी, कमेटी के अध्यक्ष शकील पठान, वरिष्ठ भाजपा नेता मोहम्मद अफजल खान,ब्राइट स्टार स्कूल के अध्यक्ष मेहशर अली (जुगनू, )वक़्फ़ बोर्ड जिला अध्यक्ष जुबेर लाल, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष परवेज विनर ,इदरीस गौरी, मुस्तकीम पटेल, सीरत कमेटी के जनरल सेकेट्री फहीम अहमद अशरफी, सईद खान अशरफी ,शाही जामा मस्जिद के सदर बब्बू खान अशरफी, राजा कुरैशी शहर काजी अशरफी विंग अध्यक्ष के डॉ. शरीफ जमाल एहले सुन्नत कमेटी के अध्यक्ष शोएब अशरफी बबलू, रईस मंसूरी संजरी,सेंट अशरफ फाउंडेशन के अध्यक्ष जावेद शेख, मुन्ना मैकेनिक शहजाद मुकादम, गुड्डू पटेल,फय्याज कादरी, कासिम अहमद अशरफी मजहर पटेल कोसेन अशरफी, इमरान खान मेव, रईस पेंटर आदि मौजूद थे।

### संयुक्त संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने किया जिला चिकित्सालय का निरीक्षण

# चिकित्सालय में उच्च जोखिम गर्भावस्था का सुरक्षित प्रसव करवाएं: डॉ. बोहरे

अस्पताल में स्वच्छता रखने की सख्त हिदायत की दी, गर्भवतियों को दिए जा रहे उपचार के सम्बन्ध में की चर्चा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



गुरुवार को लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग से ओआईसी देवास सह ,वरिष्ठ संयुक्त संचालक डॉ.राकेश बोहरे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल द्वारा जिला चिकित्सालय देवास का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला चिकित्सालय देवास मे आम नागरिको को प्रदाय स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत मरीजो और चिकित्सक स्टॉफ से जानकारी ली। डॉ. बोहरे ने जिला चिकित्सालय मे ओपीडी सेवाओं का निरीक्षण किया। उन्होने ड्रेसिंग रूम, इंजेक्शन रूम, नाक कान गला विभाग,नेत्र रोग विभाग, सीसीटीवी कक्ष, मातृ स्वास्थ्य सेवाएं, प्रसव पूर्व सेवाएं, प्रसव कक्ष, डिलीवरी ट्रे, आटोक्लेव, केस शीट, सी सेक्शन, रेफरल सेवाएं, स्टिल बर्थ, प्रसवोत्तर देखभाल, ब्लड स्टोरेज यूनिट, उमंग क्लिनिक, एनसीडी क्लिनिक, शिशु रोग विभाग, डायलिसिस कक्ष, आई सी यू, फैमिली प्लानिंग कक्ष, रोशनी क्लिनिक, टीकाकरण कक्ष, ब्रेस्ट फीडिंग कक्ष (अमृत कक्ष), सुमन हेल्प डेस्क, वाटर कॉर्नर, जनरल वार्ड,ओआरएस कॉर्नर आदि का अवलोकन किया। डॉ. बोहरे ने ड्रेसिंग रूम में स्टॉफ से जानकारी ली। उपकरणों एवं स्ट्रेचर आदि से पॉलिथीन हटाने के निर्देश दिए।

ड्रेसर जयप्रकाश शर्मा को स्वच्छता रखने की सख्त हिदायत दी गई तथा मैकिनटॉश बिछाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने पैथोलॉजी विभाग के पास की गैलरी को साफ करने के निर्देश दिए। डॉ. बोहरे ने फायर डिस्ट्रिगुइशर ट्रेनिंग के संबंध में चर्चा की तथा आपातकालीन एग्जिट में हैमर लगाने के निर्देश दिए। वेटिंग रूम में मक्सी से आई दूसरे प्रसव वाली गर्भवती म लक्ष्मी पति महेश लोधी से चिकित्सालय में मिल रहे उपचार के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने प्रसव के पश्चात माता को स्तनपान सही प्रकार से करना सिखाने के निर्देश दिए। भोजन वितरण प्रभारी से चर्चा कर किचन के इंडिकेशन का डिस्प्ले अस्पताल में करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने निर्धारित डाइट चार्ट और मेन्यू लगाने के भी निर्देश दिए। जनरल वार्ड में भर्ती मरीज लोकेश परशुराम चैधरी निवासी रेवाबाग देवास से मिल रहे उपचार की जानकारी ली। भर्ती मरीजों के पर्चे का अवलोकन किया एवं वार्ड प्रभारी को कॉल रिकॉर्ड मेंटेन करने के निर्देश दिए।

डॉ.बोहरे ने उन्होंने वेटरनिटी विंग में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पा पवैया से उच्च जोखिम गर्भावस्था के प्रबंधन के संबंध में जानकारी ली गई। महू से देवास चिकित्सालय में प्रसव के लिए आई मंतशा खान से टिटनेस के टीके तथा आयरन फॉलिक एसिड टेबलेट की जानकारी ली एवं उसे ट्रैक करने के निर्देश दिए। उन्होंने बायोमेडिकल वेस्ट के संबंध में भी जानकारी ली एवं ओपीडी में एग्जामिनेशन टेबल लगाए जाने के निर्देश दिए। दवा वितरण कक्ष में दवाओं की उपलब्धता एवं एक्सपायरी दवाओं की जानकारी दवा वितरण केंद्र प्रभारी संजय प्रजापति से ली एवं एक्सपायरी मेडिसिन कॉर्नर बनाने के निर्देश दिए। शिशु रोग विभाग में सार्थक पोर्टल से उपस्थिति समय पर दर्ज करने के निर्देश दिए एवं प्ले जोन की जानकारी ली। आईसीयू में पेशेंट डिस्चार्ज लिस्ट लगाने के निर्देश दिए तथा मॉनिटरिंग रिपोर्ट के लिए एक अतिरिक्त कंप्यूटर लगाए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने आरो कंट्रोल पैनल को तत्काल परिवर्तित करने के निर्देश दिए तथा डायलिसिस कक्ष में प्रॉपर वेंटिलेशन के निर्देश क्वालिटी एश्योरेंस नर्सिंग ऑफिसर अंकित शास्त्री को दिए। डॉ. बोहरे ने सभी चिकित्सकों को स्टेथोस्कोप पहने तथा यूनिफॉर्म में रहने के निर्देश दिए। सर्जिकल विभाग के निरीक्षण के दौरान उन्होंने वॉश बेसिन में लिक्विड सोप, स्टेरलाइज ग्लव्स रखने तथा एग्जामिनेशन जनरल टेबल लगाने के निर्देश दिए। वजन की मशीनों में आ रहे अंतर को दूर करने के निर्देश दिए। इस दौरान अभिषेक सिंघई कंसलटेंट अर्बन हेल्थ एनएचएम भोपाल एवं अंशुल ओझा संभागीय यूनिसेफ स्टेट ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर, प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीषा मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ. आर पी परमार जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.सुनील तिवारी, जिला विस्तार एवं माध्यम अधिकारी श्रुति गौर तोमर, डीपीएचएनओ सुनीता सक्सेना,उप जिला मीडिया अधिकारी कमलसिंह डावर डीसीएम ओम प्रकाश मालवीय, सहायक अस्पताल प्रबंधक प्रमोद गुणवान, बीईई सुखदेव रावत एवं जिला चिकित्सालय देवास का अन्य स्टॉफ मौजूद रहा।

# कचरा संग्रहण वाहन में फैंके गए मंगलसूत्र को महिला को लौटाया

### निगम कर्मी ने दिया ईमानदारी का परिचय



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के वार्ड क्रमांक 22 जवाहर नगर मे निवासरत महिला माया सिकरवार के द्वारा नगर निगम की कचरा संग्रहण वाहन मे अपने घर से प्रतिदिन निकलने वाले कचरे के साथ गलती से अपना मंगलसुत्र डाल दिया गया, जिसकी सूचना महिला द्वारा निगम के कचरा संग्रहण वाहन चालक विशाल सुर्यवंशी को दी गई। वाहन चालक द्वारा ट्रेंचिग ग्राउंड पर कचरा खाली करते समय डाले गए कचरे मे से मंगलसुत्र को खोजा गया तथा नगर निगम कार्यालय मे विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल व वार्ड पार्षद प्रतिनिधि रूपेश वर्मा के द्वारा महिला को सौंपा गया तथा सर्तक व सजग रहकर अपनी ईमानदारी का परिचय देने वाले कचरा वाहन चालक का निगम कार्यालय मे अग्रवाल एवं वर्मा के द्वारा सम्मान किया गया। निगम कार्यालय मे महिला सिकरवार ने कहा कि मेरे द्वारा एक एक रूपया जोडकर मंगलसुत्र बनाया गया था। निगम वाहन चालक की मेहनत व ईमानदारी से मुझे मंगलसुत्र वापस मिला। इसके लिए मे चालक को ह्दय से धन्यवाद देती हुं। पार्षद प्रतिनिधि वर्मा द्वारा वाहन चालक सुर्यवंशी को अपनी ओर से 11 सौ रूपयें का पुरस्कार भी दिया गया।

### श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में पर्यूषण पर्व की शुरूआत



**देवास।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर कवि कालिदास मार्ग देवास पर दस लक्षण धर्म के प्रथम दिन की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई। ध्वजारोहण करता परिवार बसंती देवी ,रानी मनोहर मयंक मेघा जैन परिवार रहे एवं शांति धारा करता प्रवीण , अरविंद,मनीष दीपक जैन इंदरमल पानोत परिवार एवं पारस , मयूर पदमाकर पुष्पलता जैन परिवार रहा। मंगल कलश की स्थापना मधुबाला निर्मल ,बरखा शैलेन्द्र दर्शन आशी जैन पाटनी परिवार एवं शेष चारों कोनो के कलश की स्थापना अंतिम संजय कटारिया, विभा शैलेन्द्र जैन दोशी, स्व इंदरमल जैन परिवार , मनीषा राजेन्द्र शुजालपुर ने की। अखण्ड दीपक की स्थापना मीना डॉ. निर्मल जैन परिवार के द्वारा की गई। प.श्री भागचंद ने क्षमा धर्म का महत्व बताया और सभी को अपने जीवन में क्षमा को धारण करना चाहिए। रात्रि में आरती के बाद प्रवचन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी ट्रस्टीगण एवं समाज जन उपस्थित रहे। यह जानकारी सचिव शैलेन्द्र जैन जोशी ने दी।

## नगर के नवागत भाजपा मंडल पर महिला हुई काबिज, दी बधाई





हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

भाजपा संगठन द्वारा सोनकच्छ विधानसभा अंतर्गत नया मंडल बनाया गया जिसका काफी इंतजार के बाद मंडल अध्यक्ष नियुक्ति की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महिलाओं को राजनीतिक, संगठन,अन्य क्षेत्रों में आरक्षण की पहल पर भाजपा संगठन ने नगर के नवागत बाबा भंवरनाथ मंडल पर प्रथम बार ही महिला को अध्यक्ष के रूप में काबिज किया। कुछ महीनों पहले अनिल चावड़ा के नाम पर मंडल अध्यक्ष की घोषणा की गई थी परंतु किसी कारण वश अगले दिन उक्त नियुक्ति को होल्ड पर रखा गया था। नगर मंडल भाजपा संगठन नियुक्ति के लिए काफी कशमकश में थे। परन्तु गुरुवार को प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी के लेटर हेड पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा नगर के बाबा भंवरनाथ मंडल के अध्यक्ष पद पर टीना अनिल चावड़ा की ताजपोशी कर घोषणा की गई जो कि बचपन से संघ से जुड़े होने के साथ साथ पार्टी के लिए समर्पित हैं,जिसमें भाजपा नगर संगठन और मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा द्वारा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेश सोनकर का आभार माना गया। इस अवसर पर सभी भाजपाई ने नवागत मंडल अध्यक्ष के निज निवास पहुंचकर बधाई प्रेषित की। जहां मुख्य रूप से नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी,उपाध्यक्ष जयसिंह राणा, पूर्व विधायक प्रतिनिधि प्रमोद पालीवाल, भाजपा मीडिया प्रभारी प्रेमचंद सेठी अग्रवाल, जिला पिछड़ा मोर्चा मंत्री नरेंद्र माली,बद्रीलाल लोधी, गोरधन बोडाना, हर्ष पालीवाल, संतोष माली, विजयसिंह ठाकुर, मनोहर यादव, महेश कंडक्टर, ओंकारलाल यादव, नरेंद्र यादव, नरेंद्र ठाकुर, अर्जुन यादव, अंकुश माली, आयुष माली, रजत नेता, भरत डोडिया,के साथ मंडल के भाजपाई उपलब्ध थे।

### श्री शिव छत्रपति गणेश मंडल में कलाकार भरत नाट्यम की प्रस्तुति आज देंगे

**देवास।** श्री शिव छात्रपति गणेश मंडल शहर की एक शतक पुरानी संस्था है जो इस वर्ष अपने 110वें उत्सव का आयोजन कर रही है। मंडल द्वारा बुधवार को धूमधाम से गणराज की स्थापना की गई। दो दिवसीय उत्सव के अंतर्गत आज 29 अगस्त को मैसूर की स्मृति रमेश कौशिक व अहमदाबाद की बिस्मी शाईन द्वारा भरत नाट्यम की प्रस्तुति दी जाएगी। दोनों कलाकारों अपने कला क्षेत्र बानी में निपुणता प्राप्त की है जिसमें कलाकार आध्यात्मिक यात्रा पर निकलता है सटीक नृत्य और सूक्ष्म एवं गरिमामय अभिव्यक्तियां उनकी विशेषता है। साथ ही घुंघरू नृत्य संगीत महाविद्यालय की बालिकाओं द्वारा गणेश त्रिलोचन नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। 30 अगस्त को भोपाल के अम्बरीश कालेले द्वारा मोहन वीणा वाद्य का वादन किया जाएगा जो अपने आप में एक विलक्षण वाद्य है। साथ इंदौर अनुमप वानखेडे द्वारा बांसूरी वादन की प्रस्तुति दी जाएगी। जिनकी जुगलबंदी दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर देती है।

### सोनकच्छ एसडीएम, एसडीओपी, भौरासा थाना प्रभारी ने किया गणेश पंडाल का निरीक्षण




**भौरासा।** नगर में शुरू हुए गणेश उत्सव को लेकर जगह-जगह गणेश पंडाल बने हुए हैं जिससे नगर में ट्रैफिक व्यवस्था भी गड़बड़ा रही है। वही नगर में बने गणेश पंडाल में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाने को लेकर व नगर में 1 सितंबर को निकलने वाले भगवान गणेश विसर्जन चल समारोह को लेकर गुरुवार को पूरे नगर का सोनकच्छ एसडीएम प्रिया चंदावत, सोनकच्छ एसडीओपी दीपा मांडवे, भौरासा थाना प्रभारी प्रीति कटारे, सहित थाना व राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने निरीक्षण किया। वही निरीक्षण में सोनकच्छ एसडीम ने चल समारोह को लेकर कई दिशा निर्देश दिए साथ ही रानी दमयंती तालाब का भी निरीक्षण किया।

# संस्था कृपालु परिवार के गणेशोत्सव की हुई शुरुआत पहले दिन पत्रकारों ने उतारी बप्पा की आरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



संस्था कृपालु परिवार द्वारा इस वर्ष पहली बार चामुंडा कांप्लेक्स परिसर में कृपालु के बप्पा की स्थापना के साथ गणेश उत्सव की शुरुआत भक्ति और उल्लास के माहौल में की गई। गणेशोत्सव के पहले दिन गुरुवार को सरस्वती पुत्रों (पत्रकारों) ने सुमधुर भजनों के साथ बप्पा की आरती उतारी, जिससे पूरा वातावरण श्रद्धा और आनंद से भर गया।संस्था कृपालु परिवार और सुमेरसिंह दरबार मित्र मंडल ने बताया कि इस बार देवास शहर में पहली बार लगातार 10 दिनों तक भोजन प्रसादी का आयोजन किया जा रहा है।

रोजाना हजारों श्रद्धालु भोजन प्रसादी का लाभ ले सकेंगे। इसके लिए भव्य पंडाल में गणपति बप्पा की आकर्षक प्रतिमा विराजित की गई है। यहां प्रतिदिन धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही सामाजिक संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों, वृद्ध आश्रम, दृष्टिहीन विद्यालय और अन्य सेवा कार्यों से जुड़े लोगों से भी बप्पा की आरती करवाई जाएगी। भक्तों ने इस पहल को शहर के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए कहा कि देवास में पहली बार इतने बड़े स्तर पर लगातार 10 दिनों तक प्रसादी महाभोज का आयोजन होना अपने आप में ऐतिहासिक है। संस्था कृपालु परिवार ने नगरवासियों से आह्वान किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर इस धार्मिक आयोजन और सेवा भावना से जुड़े प्रयास को सफल बनाएं।

### श्री देवनारायण जन्मोत्सव और सम्राट मिहिर भोज जयंती के उपलक्ष्य में हुआ आयोजन

# गुर्जर समाज ने नगर में निकाली शोभायात्रा, हुआ स्वागत





हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर भौरासा में गुर्जर समाज द्वारा भगवान श्री देवनारायण जी के अश्व नीलागर के जन्मोत्सव एवं गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज जयंती के उपलक्ष्य मे विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा देवनारायण मंदिर से प्रारंभ हुई। वही नगर के बड़ा हनुमान चौक, रपट चौराहा, छोटा हनुमान चौक, बस स्टैंड होते हुए पुनः देवनारायण जी मंदिर पहुंची। जहां पर आरती कर शोभा यात्रा का समापन हुआ व प्रसादी का वितरण किया गया। यात्रा में अखाड़े भी शामिल थे जिसमे युवाओ ने अपनी अपनी हैरतअंगेज प्रस्तुति दी।

यात्रा में श्री देवनारायण जी मंदिर के पुजारियों व संपूर्ण यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। इस यात्रा का बड़ा हनुमान चौक में डॉ. रूप सिंह नागर व सरपंच संघ जिला अध्यक्ष सुमेर सिंह नागर द्वारा साफा बांधकर भगवान देवनारायण को फूल माला चढ़ाकर पूजा अर्चना की गई। बड़ा हनुमान चौक पर शोभा यात्रा का स्वागत किया। इसी तरह अनिल चावडा, आराम सिंह ठाकुर, पटेल यशवंत सिंह राजपूत, प्रमोद पालीवाल, मनोहर सिंह यादव, जगदीश ठाकुर, हिम्मत सिंह ठाकुर, हीरू लाल चावड़ा, नीरज ठाकुर, अश्विन जायसवाल, मुकेश कुमावत, इंदर सिंह ठाकुर, इंडियन गैस एजेंसी पर जे, जे, परिवार के द्वारा स्वागत किया गए।

इसी तरह रपट चौराहे पर नगर पंचायत अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा व समस्त पार्षदो ने स्वागत किया। इस अवसर पर बाबूलाल हेडा, जगदीश माली, आराम सिंह कुमावत, महेश माली,छोटा हनुमान चौक मे डॉ. किशोर चावला के द्वारा अपने क्लीनिक से स्वागत किया गया। इसी तरह टंकी चौराहे पर भगत जी पंडा के द्वारा स्वागत किया गया। बस स्टैंड पर धनगर गारी समाज द्वारा स्वागत किया गया। साथ ही पूरे नगर में यात्रा का जगह जगह स्वागत हुआ।शोभा यात्रा में मुख्य रूप से मनोहर सिंह कराड़ा ,जिला अध्यक्ष उत्तम सिंह गुर्जर, इंदर सिंह गुर्जर, दिलीप सिंह गुर्जर, रामलाल गुर्जर,अर्जुन गुर्जर ,शिव गुर्जर,अंकित गुर्जर, हरि सिंह पटेल ,रामचंद्र आचार्य, लखन गुर्जर, कमल सिंह गुर्जर ,चरण सिंह गुर्जर, सहित भारी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। सुरक्षा की दृष्टि से भौरासा थाना पुलिस बल भी मौजूद रहा।

## मांगें पूरी नहीं होने पर 13 दिनों से हड़ताल पर मनरेगा उपयंत्री




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मनरेगा अभियंता संघ के बैनर तले देवास जिले के मनरेगा उपयंत्री विगत 13 दिनों से हडताल पर है, लेकिन मप्र शासन द्वारा उनके हितों अब तक कोई उचित निर्णय नही लिया गया है। संघ जिलाध्यक्ष विनोद चन्द्र नायर ने बताया कि अनिश्चितकालीन कलमबंद हडताल के दौरान प्रदेशभर के मनरेगा उपयंत्री अलग-अलग माध्यमों से सरकार तक अपनी मांगे पहुंचा है। उसके बावजूद सरकार उन्हें नजर अंदाज कर रही है। देवास जिले के समस्त मनरेगा उपयंत्रियों ने मप्र शासन की सद्बुद्धि हेतु माता टेकरी पहुंचकर माँ तुलजा भवानी के चरणों में ज्ञापन अर्पित कर हवन-यज्ञ किया। तत्पश्चात माँ चामुण्डा के चरणों में ज्ञापन अर्पित कर सद्बुद्धि की कामना की। मांगे पूरी नही होने तक हडताल निरंतर जारी रहेगी। मनरेगा उपयंत्रियों की हडताल से ग्राम पंचायत के समस्त विकास कार्य ठप्प हो गए है, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ ग्रामीण जनों तक नही पहुंच पा रहा है। इस दौरान इंजी. अनुराग तिवारी, इंजी. बीएस कपूर, इंजी. भरत झकोरे, इंजी. संजीव शाक्य, इंजी. राजकुमार बैसवाल, इंजी. जुल्फिकार अली, इंजी. ओमप्रकाश जाट, इंजी. आशीष शुक्ला, इंजी. श्याम पाल सिंह, इंजी. यशवंत धाकड, सौरभ अग्रवाल, इंजी. स्वाति कोतकर, इंजी. भरत यादव, इंजी. राकेश धनगर आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से किशोर घायल

ललितपुर। थाना मड़ावरा अंतर्गत ग्राम गोराकलां में रहने वाले भगवत कुशवाहा पुत्र दुर्जु ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उनका 12 वर्ष पुत्र नरेन्द्र सड़क किनारे खेल रहा था, तभी मोटर साइकिल नम्बर जी.जे. 12 एच.ई. 4127 के चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये आया और उसके पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलावस्था में उनके पुत्र को ग्वालियर ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुयी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर 281 व 125 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बस न होने से डग्गामार वाहनों से सफर कर रहे ग्रामीण

डोंगराखुर्द (ललितपुर)। पिपरट से जिला मुख्यालय तक पहुंचने के लिए यहां रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कारण यह है कि यहां से बसों का संचालन नहीं कराया जा रहा है। जिससे जनपद मुख्यालय पहुंचने के लिए मजबूरन डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ता है। ऐसे में लोगों का समय और पैसा दोनों बर्बाद होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत कर चुके हैं लेकिन फिर भी सुनवाई नहीं हो रही है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सुबह छह जामनीबांध से ललितपुर जिला मुख्यालय के लिए बस का संचालन होता है लेकिन बस सेवा का लाभ न मिलने से क्षेत्र के लोग मजबूरन डग्गामार वाहनों में यात्रा करते हैं, जिससे कई बार जोखिम भरा सफर भी होता है। वहीं, डग्गामार वाहनों के कारण व्यापारी, विद्यार्थी, नौकरीपेशा लोग अपने काम पर समय से नहीं पहुंच पाते हैं। वहीं, जिला मुख्यालय से पिपरट बम्हौरी बहादुरपुर आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उनका कहना है कि पिपरट बम्हौरी से जिला मुख्यालय तक जामनीबांध वाली बस चलाई जाएं जो सुबह छह बजे जामनीबांध से ललितपुर के लिए जाती है, जिससे क्षेत्र के लोगों को इसका आवागमन में लाभ मिल सकेगा और डग्गामार वाहनों सें छुटकारा मिल सके। मांग करने वालों में विश्वनाथ अवस्थी, रामगोपाल, ग्राम प्रधान चिंतामन आदि शामिल हैं।

### संस्कृति विभाग की दस दिवसीय कार्यशाला शुरू

ललितपुर। अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या एवं संस्कार भारती द्वारा आयोजित दस दिवसीय रामायण अभिरुचि कार्यशाला का शुभारम्भ रोड़ा में संस्कार भारती प्रदेश महामंत्री नरेशचंद्र अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य इकाई अध्यक्ष बृजमोहन संज्ञा की अध्यक्षता और इकाई संरक्षक रमेश पाठक रवींद्र के विशिष्ठ आतिथ्य में हुआ। कार्यशाला संयोजक संस्कार भारती प्रांतीय मंचीय कला सहसंयोजक संजय तिवारी राष्ट्रवादी ने बताया कि प्रस्तुतिपरक कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक शिवशंकर सह प्रशिक्षक बृजेंद्र सिंह और दीपक राजा दस दिवसीय कार्यशाला में बालकों को रामलीला मंचन के विभिन्न विभागों अभिनय, लेखन, गायन, रूप सज्जा, मुख सज्जा, वस्त्र सज्जा, मंच सज्जा संवाद अदायगी, ध्वनि प्रकाश आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण उपरान्त समापन सत्र 6 सितम्बर को प्रशिक्षु बालकों द्वारा भव्य प्रस्तुति की जाएगी।

### राज्यपाल पटेल ने ललितपुर में विभिन्न विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, किट, टेबलेट, ई-रिक्शा आदि वितरित किए

# 'योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता, कार्यक्रम हर तीन माह के अंतराल पर होते रहें'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज गुरुवार को जनपद ललितपुर के कल्याण सिंह सभागार में विभिन्न विकास एवं जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, प्रमाण पत्र, किट, टेबलेट व अन्य सामग्री का वितरण किया। उन्होंने मंच पर अपने हाथों से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 200 प्री-स्कूल किट, पोषण अभियान के अंतर्गत 10 पोषण पोटली, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनान्तर्ग 100 आयुष्मान कार्ड, स्वामित्व योजनान्तर्गत 300 घरौनी, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 100 पात्र लाभार्थियों को चाबी वितरण एवं जीरो पावर्टी योजनान्तर्गत मुख्यमंत्री आवास योजना के एक लाभार्थी का स्वीकृत पत्र वितरण, प्रधानमंत्री सूक्ष्म उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत 120 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत 100 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, पी०एम० सूर्य घर के लाभार्थियों को 150 प्रमाण पत्र, जीरो पावर्टी योजनान्तर्गत 100 नवीन अन्त्योदय राशनकार्ड का वितरण, श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के 225 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण, सीएम युवा उद्यमी अभियान के अन्तर्गत 05 ई-रिक्शा का वितरण, छात्राओं को 300 टेबलेट वितरण किये गए।

इसके अलावा ललितपुर के बजाज पावर प्लाण्ट द्वारा 50 प्री स्कूल किट उपलब्ध कराने के लिए उनके प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने राज्यपाल को पुष्पकली भेंट कर स्वागत किया, तत्पश्चात जनपद के आंगनबाड़ी केन्द्रों के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने सुंदर परिधानों में ह्यह्यनन्हा-मुन्ना राही हूँह्लह्ल, ह्यह्यकिसने बनाया तारों कोह्लह्ल, आलू बोला मुझको खालोह्लह्ल, पापा जल्दी आ जानाह्लह्ल, ह्यह्यझांसी की रानी आयीह्लह्ल गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिस पर राज्यपाल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागी रहे बच्चों को आशीर्वाद स्वरुप फलों की टोकरियां वितरित कीं। इस अवसर पर नेहरु महाविद्यालय की छात्रा महक राजा और प्रिंसी दुबे ने नारी सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण पर प्रभावी लघु व्याख्यान किया। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए जिला प्रशासन इसी प्रकार के आयोजन हर तीन माह के अंतराल पर कराकर केन्द्र व प्रदेश की सभी योजनाओं को समाज के अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करें। उन्होंने कहा कि आज 200 आंगनबाड़ियों को किट उपलब्ध कराई गई हैं। प्रत्येक किट में कुर्सी, साइकिल सहित 22 से 23 प्रकार के उपकरण व खिलौने बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु दिए जाते हैं, ताकि गरीब परिवारों के बच्चे भी सुगमता से खेल खेल में पढ़ाई कर सकें और आगे बढ़ सकें। उन्होंने इच्छा व्यक्त की कि पूरे प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों तक इस प्रकार की सामग्री पहुँचनी चाहिए, जिससे बच्चों को बैठने, पढ़ने व सीखने के लिए उपयुक्त वातावरण मिल सके। राज्यपाल जी ने विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छता पर विशेष बल देते हुए केन्द्रों को स्वच्छ व साफ-सुथरा बनाकर रखने के निर्देश दिए।



**देश को 2025 तक टीबी मुक्त करने का संकल्प लिया गया है, इसके**

उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री ने वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने का संकल्प लिया है। उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है, जहाँ 25 करोड़ की आबादी के कारण सर्वाधिक टीबी मरीज भी हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे रोगियों को बेहतर देखभाल एवं पोषक आहार की आवश्यकता है, इसके लिए समाज के सभ्रान्त व सक्षम नागरिकों को अगे आकर टीबी के रोगियों को पोषण पोटली प्रदान करने में सहयोग करना चाहिए और ऐसे मरीजों को गोद लेकर मानवीय संवेदनाओं का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक डॉक्टर यह न घोषित करें कि रोगी पूर्णतः टीबी मुक्त हो गया है, तब तक पोषण पोटली निरंतर दी जानी चाहिए। टीबी रोगियों के साथ अछूत जैसा व्यवहार न किया जाय। पूरे प्रदेश में टीबी मुक्त अभियान व्यापक स्तर पर चल रहा है और 2025 के अंत तक प्रदेश को टीबी मुक्त किया जाएगा। राज्यपाल जी ने प्रधानमंत्री द्वारा संचालित आयुष्मान कार्ड योजना की सराहना करते हुए कहा कि इसका लाभ जन-जन तक पहुंच रहा है। स्वामित्व कार्ड योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि घर का मालिकाना हक पति और पत्नी दोनों के नाम पर होना चाहिए, क्योंकि आज महिला स्वतंत्र और सशक्त हो चुकी है। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजनाओं का उल्लेख करते हुए निर्देश दिया कि लाभार्थियों को नए एवं पूर्ण हो चुके आवास का प्रमाणपत्र दिया जाए और प्रत्येक जनपद में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें भी आवास, आयुष्मान कार्ड और अन्य सभी सरकारी योजनाओं से आच्छादित किया जाए। ट्रांसजेंडर भी समाज का अभिन्न अंग हैं, उन्हें पीछे नहीं छोड़ा जा सकता। राज्यपाल जी ने मुख्यमंत्री सूर्य घर योजना को विशेष रूप से सराहा और कहा कि जनपद के प्रत्येक घर पर सोलर पैनल स्थापित कराए जाएं। उन्होंने जीरो पावर्टी योजना की भी प्रशंसा की और कहा कि इस योजना के अंतर्गत अच्छा कार्य हो रहा है। श्रम विभाग की योजनाओं से लाभार्थियों को मिली धनराशि का सदुपयोग शिक्षा एवं स्वास्थ्य में करने पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि एक भी रुपया व्यर्थ नहीं होना चाहिए।

उन्होंने नशे के दुष्परिणामों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति की ही नहीं, उसके परिवार की जिंदगी भी बर्बाद कर देता है। नशे से पीड़ति व्यक्ति की वेदना सबसे अधिक पत्नी और परिवार को सहनी पड़ती है, इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देशित किया कि वह अपने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सभी वर्ग की महिलाएं सम्मिलित करते हुए 25-25 महिलाओं की टोली बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों में भेजकर नशा मुक्ति अभियान चलाया जाए और सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी व्यक्ति या परिवार नशे की चपेट में न आए। इस अवसर पर जिलाधिकारी अमलदीप डुली ने राज्यपाल जी को एक जनपद एक उत्पाद योजना से संबंधित स्मृति चिन्ह एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पाद भेंट किये तथा जनपद के समग्र विकास की उपलब्धियों की जानकारी दी इस अवसर पर राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उ0प्र0 मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, जिलाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द्र रावत, एमएलसी रमा निरंजन, एमएलसी बाबूलाल तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने राज्यपाल के जनपद आगमन को गोरान्वित करने वाला क्षण बताते हुए धन्यवाद दिया और जनपद के विकास कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त जिला स्तरीय अधिकारी व विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी उपस्थित रहे।

## जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा में राज्यपाल, उप्र ने प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक

ललितपुर। प्रदेश की राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल ने जनपद के विकास कार्यों की हकीकत जानने के उद्देश्य से गुरुवार को कलैक्ट्रेट सभागार में मा0 जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उ0प्र0 मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा की गरिमामयी उपस्थिती रही। उन्होंने सभी अधिकारियों का एक-एक कर परिचय प्राप्त करते हुए स्पष्ट निर्देश दिये कि मा0 प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री जी की मंशानुसार अन्त्योदय की भावना को ध्यान में रखते हुए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है, इसलिए बिना किसी भेदभाव के पूरी पारदर्शिता के साथ लाभार्थियों तक पहुंचकर उन्हें लाभान्वित किया जाए। उन्होंने जनपद में किये गए जीरो पॉवरटी सर्वे की प्रसंशा करते हुए कहा कि प्रत्येक ग्राम में जरुरतमंद व गरीब परिवार निवास करते हैं, उन्हें उनके ही स्थान पर पहुंचकर लाभान्वित किया जाए, लाभार्थियों को दफ्तरों के चक्कर लगाने न लगाने पड़े। उन्होंने जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि जनपद में चल रहे सभी प्रकार के सर्वेक्षणों की वे स्वयं निगरानी करें और उन्हें अपने लक्ष्य तक पहुंचायें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों




को भी अपने-अपने क्षेत्रों में बाल विवाह, शराब बंदी व महिला शिक्षा के प्रति लोगों को जागरुक करने को कहा। राज्यपाल ने निर्देश दिये कि जनशिकायतों का निस्तारण तत्काल सुनिश्चित किया जाए, साथ ही इसका प्रत्येक विभाग में रिकॉर्ड भी रखा जाए, इसके अलावा जनपद में मतदाता पुनरीक्षण कार्य पूरी गंभीरता के साथ किया जाए, कहीं भी डुप्लीकेसी न हो। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक बड़ी समस्या है, इसकी रोकथाम के लिए अधिकारियों को व्यक्तिगत रुचि लेकर कार्य करना पड़ेगा, ऐसे मामलों में बाल विवाह के पूर्व ही कांउसलिंग की जाए और यदि फिर भी बाल विवाह कराया जाता है तो पुलिस कार्यवाही की जाए। साथ ही जनपद में प्रत्येक विवाह का पंजीयन अवश्यक कराया जाए। उन्होंने कहा कि हर गांव में महिलाओं की टोलियां बनायी जायें, जो शराब मुक्ति, बाल विवाह की रोकथाम व बच्चों एवं महिलाओं के अधिकारों की जानकारी दें, साथ ही विद्यालयों में शिक्षकों की टीम बनाकर नामांकन न कराने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों को समझायें। राज्यपाल ने शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि अप्रैल माह में बच्चों का कम नामांकन होना चिंता का विषय है, इसके लिए प्रत्येक गांव में सर्वे कराकर बच्चों का नामांकन कराया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि बच्चा 3 वर्ष की उम्र में आंगनबाड़ी केन्द्र और 6 वर्ष की उम्र में कक्षा 1 में प्रवेश अवश्य हो जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि आंगनबाड़ी केन्द्रों को और सशक्त बनाया जाए, ताकि हमारा देश कुपोषण मुक्त होकर विकास की इबारत लिख सके। यहां आने वाला कोई भी बच्चा कुपोषण से ग्रसित न हो, इसके लिए पोषाहार का वितरण निर्धारित समय पर किया जाए। उन्होंने खेल मैदानों की समीक्षा करते हुए कहा कि जनपद में खेल मैदानों पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करायी जायें, इसके लिए समय निर्धारित करते हुए प्रतियोगितों की सूचना कम से कम दो माह पूर्व ग्राम पंचायतों को भेंजे ताकि बच्चे तैयारी कर सकें। उन्होंने कहा कि जनपद में स्वयं सहायता समूहों की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है, सम्बंधित अधिकारी उनके स्वरोजगार के लिए साधनों में वृद्धि करें और उन्हें सशक्त बनायें। राज्यपाल जी ने रेड क्रॉस सोसायटी के सदस्यों से वार्ता करते हुए उनके संगठन के कार्यों की जानकारी ली और प्रत्येक गांव में कम से कम 10 सदस्य बनाने को कहा। बैठक में जनपद में किये गए नवाचारों की जानकारी पीपीटी के माध्यम से माननीय राज्यपाल महोदया को दी गई, जिसमें जनसेवाओं के डिजीटाईजेशन हेतु आईसीसीसी/वीआईसीसीसी, जनपद में नदियों का पुनरोद्धार, आईएसओ प्रमाणन, बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिसिस, बाल गृहों में निवासरत बच्चों को आधार की मदद से घर वापसी, कारी पहाड़ी गौशाला में बोबर गैस प्लाण्ड स्थापना एवं घरों में रसोई गैस की आपूर्ति, मातृ स्वास्थ्य देखभाल के प्रचार-प्रसार हेतु नवाचार, आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण व निष्प्रयोज्य सामग्री से खिलौनों का निर्माण, जनपद में 12 से 18 वर्ष की ड्रॉपआउट किशोरियों का विद्यालय में नामांकन हेतु सर्वे, विद्यालयों में बाल संसद के माध्यम से किये गए अभिनव प्रयोग आदि प्रमुख हैं।

## वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के तहत लगाया जन जागरुकता कैम्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित तीन माह का वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान जो कि 1 जुलाई से 30 सितंबर तक चलाया जा रहा है। विकास खंड बिरधा की ग्राम पंचायत बंट के पंचायत भवन में एक वित्तिय साक्षरता कैम्प का अयोजन जिले का अग्रणी बैंक पंजाब नेशनल बैंक की शाखा बंट के द्वारा आयोजित किया गया। आरबीआई व आरोह फाउंडेशन से एएफसी आदि द्वारा किया गया।

इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण व दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को बैंकिंग सेवाओं, जनधन खाते, पीएम सुरक्षा बीमा, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना, मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री युवा उधमी योजना किसान क्रेडिट कार्ड योजना से जोड़ते हुए वित्तीय समावेशन को सशक्त करना है। कार्यक्रम में अनेक वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में




एलडीएम रंजीत कुमार ने समस्या सुनी और समाधान करने का आश्वासन दिया।

उपस्थित समूह की महिलाओं से समूहों के बारे में जानकारी ली और उसको आगे कैसे बढ़ाया जाए उसके बारे में बताया। साथ ही मुख्यमंत्री युवा उधमी योजना के बारे में भी बताया। उपस्थित किसानो के किसान क्रेडिट कार्ड के बारे में बताया अगर समय से पैसा जमा करते है तो ब्याज में भी छूट दी जाती है। बैंकिंग सेवाओ से जुडने ओर हो रहे डिजिटल फ्रॉड से कैसे बचा जा सके बताया। साथ ही आत्मनिर्भर के उद्देश्य के तहत इच्छुक व्यक्तियों को दूध डेयरी को बढ़ावा देने हेतु ऋण उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

### आर्ट ऑफ लिविंग का एडवांस कोर्स सानन्द संपन्न

## सुदर्शन क्रिया के प्रभाव से बदल जाता है पूरा जीवन: अनुराग भैया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

वर्तमान में विश्व की सबसे बड़ी संस्था आर्ट ऑफ लिविंग, जिसके संस्थापक पद्मविभूषण से सम्मानित एवं शान्ति के प्रणेता परम पूज्य श्रीश्री रविशंकरजी द्वारा निर्देशित एडवांस मेडीटेशन प्रोग्राम अनगिनत और अविस्मरणीय पल सहेजकर सम्पन्न हो गया। आर्ट ऑफ लिविंग के इन्टरनेशनल टीचर अनुराग भैया ने एक सेशन में बताया कि सुदर्शन क्रिया-ध्यान करने से व्यक्ति के जीवन में अनेकों सकारात्मक परिवर्तन होते हैं।

सुदर्शन क्रिया करने से हमारा जीवन एक फूल के समान खिल जाता है। ललितपुर का प्रतिनिधित्व कर रहे आर्ट ऑफ लिविंग ललितपुर जनपद के प्रथम टीचर सुबोध शर्मा विश्वास से उन्होंने ललितपुर में भी एडवांस कोर्स कराने की बात कही। इस पर सुबोध शर्मा विश्वास ने प्रतिक्रिया और सहमति व्यक्त करते



हुये कहा कि अतिशीघ्र ही ललितपुरवासियों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुये एडवांस कोर्स की सौगात दी जायेगी। उल्लेखनीय है कि ललितपुर में 9 हैप्पीनैस कोर्स कराये गये हैं और परिणामस्वरूप अनेक योगसाधकों के जीवन में स्पष्ट बदलाव देखे जा रहे हैं। बताते चलें कि झांसी में एडवांस कोर्स का सफल आयोजन आर्ट ऑफ लिविंग की सीनियर टीचर रुचि अरोरा और ज्योति सक्सेना के कुशल नेतृत्व में उल्लासपूर्ण सम्पन्न हुआ। अतिशीघ्र ललितपुर में होने जा रहे एडवांस कोर्स में अनुराग भैया ने अपने ललितपुर आगमन पर सहमति जताई।

### नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ पार्षद हुए एक मत

## मनमाने रवैये का पार्षदों ने किया विरोध

### बोर्ड बैठक न कराने व पार्षदों की उपेक्षा करने से बढ़ी नाराजगी

तालबेहट ▶▶ (ललितपुर)

नगर पंचायत तालबेहट में अध्यक्ष के विरोध में पार्षदो ने मोर्चा खोल दिया है। नगर पंचायत तालबेहट में 12 पार्षद है एक अध्यक्ष निर्वाचित होकर जनता की सेवा हेतु आए हैं। किंतु खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि अध्यक्ष द्वारा पूर्णतः मनमाने ढंग से कार्य कराए जा रहे हैं।

स्वयं के चहेते ठेकेदारों के माध्यम से केवल चहेते वार्डों में ही विकास कार्य करा रहे हैं, जबकि अधिकांश पार्षदों के प्रस्तावों को जानबूझकर दरकिनार किया जा रहा है। पार्षदों के वार्डों में नाली, सड़क एवं अन्य विकास कार्य न कराकर अनावश्यक और बिना औचित्य के कार्यों में नगर पंचायत का कीमती बजट पानी की तरह बहाया जा रहा है। इतना ही नहीं, नगर पंचायत के आउटसोर्सिंग



**पार्षदों ने संयुक्त इस्तीफा देने बात कही**

कर्मचारी भी कार्यों में सीधी दखलअंदाजी करते हुए पार्षदों की गरिमा और सम्मान को ठेस पहुंचा रहे हैं। यह स्थिति जनप्रतिनिधियों की भूमिका और लोकतांत्रिक परंपरा का खुला अपमान है।सभी 9 पार्षदो ने भगवान के समक्ष सौगन्ध खाई की उन्हें उनका सम्मान वापिस नही दिलाया जाता तब तक वह नगर पंचायत के किसी भी कार्यक्रम व नगर पंचायत द्वारा लगाए गए मेले का विरोध करेंगे यदि नगर पंचायत अध्यक्ष का रवैया पार्षदों के प्रति नरम नहीं हुआ और पार्षदों के सम्मान गरिमा को वापस नहीं किया गया तो हम सभी 9 पार्षद इस्तीफा दे देंगे।

### आज दद्दा ध्यान चंद जयंती पर विशेष मेजर ध्यानचंद

## हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द जितने अच्छे खिलाड़ी थे, उससे कहीं ज्यादा एक अच्छे इन्सान थे...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि वर्ष 1979 में समाजसेवी स्व.डाया भाई पटेल के लोकप्रिय इकलौते पुत्र भानूभाई पटेल की स्मृति में आयोजित हॉकी टूर्नामेन्ट की ओर से कॉलेज के तत्कालीन छात्र नेता अशोक गोस्वामी और उनके साथियों को झाँसी मेजर ध्यानचंद जी को चीफ गेस्ट के रूप में आमंत्रित करने के लिए भेजा।

तो उन्होंने तत्काल सहर्ष स्वीकृति दे दी। खबर मिलने पर आयोजकों और खिलाडिय़ों में खुशी की लहर दौड़ गई और कॉलेज के विद्यार्थी अपने हाथ से ग्राउण्ड को समतल बनाने और



कंकड़ों को बीनने में लग गये। टूर्नामेण्ट का शुभारम्भ करने के लिए एक ओर सेन्टर फारवर्ड छात्र अशोक गोस्वामी तथा दूसरी ओर मुख्य अतिथि दद्दा बुली के समय प्रतिस्पर्धी टीम की ओर से हॉकी लेकर मजबूती से खड़े हो गये। विद्यार्थियों का पूर्वानुमान था कि बुढ़ापे के कारण वे स्ट्रोक बहुत धीमी गति से लगायेंगे। लेकिन उन्होंने पूरे दम-खम के साथ अपनी पूरी शक्ति लगा दी। पूरा ऐरीना देखकर हतप्रभ रह गया। उन्होंने बच्चों के समझाया कि खेल के मैदान में खिलाडय़िों का जज्बा ऐसा होना चाहिए जैसे तुम नहीं या हम नहीं।

आयोजक मंडल के सदस्यों में समाजसेवी डॉ रमेश किलेदार, जिनेन्द्र नजा और कैलाश ड्योढय़ाि आदि के साथ कालेज के तत्कालीन खिलाडय़िों में सेन्टर फारवर्ड अशोक गोस्वामी, कप्तान स्व.कमरुद्दीन, मक्खनलाल काटजू, बाबू सतीश रजक, अशोक निधान पाण्डेय, स्व.रूपनारायण शर्मा, पवन रजक आदि शामिल थे। नगर के खेलप्रेमियों में जम्मू कश्मीर में पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात शोएब अली, वयोवृद्ध याकूब साहब, मरहूम अजमुल साहब और स्व.हीरालाल गोस्वामी आदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था।

### जैन मंदिर में पर्यूषण पर्व पर श्रावकों ने की धर्मअर्चना शुरू

## क्रोध के समान आत्मा का कोई दूसरा शत्रु नहीं: निर्भय सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

क्षमा का अभाव क्रोध है, पर कहा यह जाता है कि क्रोध का अभाव क्षमा है। क्रोध क्षमा की एक ऐसी कमजोरी है जिसके कारण जसका विवेक समाप्त हो जाता है भले बुरे की पहिचान नहीं रहती। जिसपर क्रोध आता है क्रोधी उसे भला बुरा कहने लगता है क्रोध के समान आत्मा कोई दूसरा शत्रु नहीं है उक्त विचार जैन पार्श्वनाथ दि० जैन अटा मंदिर में पयूषण पर्व पर आचार्य निर्भय सागर महाराज ने व्यक्त करते हुए कहा क्रोध करो खुद पर श्रद्धा करो खुदा पर गुमान करो खुदी पर और क्षमा करो सभी पर कभी कोई वेर नहीं होगा।

उन्होने कहा ग्रहस्थ का धर्म स्वयं के हाथ में है वहीं दशलक्षण है। यह हमारी जिन्दगी है इनके साथ जो जिए यही धर्म है जो अभाव में जीते हैं वह स्वभाव में बदलें। संसार में कर्म जैसा चलाते हैं



हम चलते हैं। प्रत्येक जीव अपने कर्मों के अनुसार फल भोगता है हमारे हाथ में कुछ भी नहीं है कर्म जी कराएगा कर्म जैसा कराएगा वैसा ही जिएगे। क्रोध एक आग है जो सबको जलाती है चिगारी उठाती है और दिल को ठेस पहुंचाती है। दुश्मन के सामने कोध कर ले और अपनों के सामने राग यह श्रावक की परिणति है। इसके पूर्व धर्मसभा में मुनि शिवदत्त सागर महाराज ने कहा दशलक्षण पर्व श्रावको को जीवन में संयम और संस्कारों का शंखनाद करने आत्ता है क्षमा जीवन में उतारना होगा तभी कोध से बचेंगे। यदि अपने जीवन में कुछ ही ग्रहण कर लिया तो यह कल्याण की ओर प्रशस्त करता है।

धर्म सभा का शुभारम्भ आचार्य श्री के चित्र के सम्मुख दीपप्रज्जवलन श्रेष्ठीजनों ने किया जबकि जैन पंचायत के पदाधिकारियों ने आचार्य श्री का पाद प्रक्षालन किया जबकि ब्रहमचारिणी वहिनों ने शास्त्रदान का पुण्यार्जन किया। धर्मसभा में बालिका माही जैन ने तत्वार्थ सूत्र का वाचन किया जबकि मंगलाचरण ममता जैन मोहनी द्वारा किया गया। धर्म सभा का संचालन महामंत्री आकाश जैन ने किया। प्रातकाल आचार्य श्री ने श्रावको को जैन धर्म में ध्यान और साधना की उपयोगिता बताई जिसमें अनेक युवा सम्मलित हुए। क्षमा धर्म को जीवन में धारण करने के लिए श्रावकों को प्रेरित किया।

### मनमानी से रेलवे के ठेकेदार बगैर सूचना और सुरक्षा मापदंडों के हर कभी कर रहे ब्लास्टिंग

# रेलवे के अचानक ब्लास्ट से हेडगेवार कॉलोनी थर्राई, गाड़ियों के फूटे कांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

क्षेत्र में भोपाल-रामगंजमंडी रेलवे लाईन का कार्य दुरत गति से चल रहा है। स्थानीय पाटन रोड पर जहां रेलवे स्टेशन निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है कि वहीं लाईन डालने से संबंधित अर्थवर्क व अन्य कार्य इन दिनों चल रहे हैं। रेलवे के ठेकेदार द्वारा बुधवार सुबह अचानक बगैर किसी सूचना के हार्डरॉक तोड़ने अचानक ब्लास्टिंग कर देने से आसपास की कॉलोनियों एवं रहवासी बस्तियों के लोग थर्रा उठे। बड़ी-बड़ी चट्टानों को फोड़ने वाला यह ब्लास्ट इतनी अधिक तीव्रता का था कि ब्लास्ट से बड़े-बड़े बोल्डर, पत्थर हेडगेवार, सिविल लाईन कॉलोनी तक पहुंच गए और तीन-चार कारों के कांच तक फूट गए। गनीमत से ब्लास्टिंग से उछले पत्थरों से जनहानि होने से बच गई।

ठेकेदार द्वारा बगैर सायरल और सूचना के अचानक की गई इस ब्लास्टिंग के चलते कॉलोनी के बाशिंदों का गुस्सा फूट पड़ा और सभी ने मौके पर एकत्रित होकर हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान रेलवे के इंजीनियर और ठेकेदार के सुपरवाईजर को भी मौके पर बुलवाया गया और आक्रोषित लोगों ने सुपरवाईजर के साथ धक्कामुक्की तक कर डाली। उल्लेखनीय है कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब रेलवे द्वारा अधिकृत एजेंसी के ठेकेदार द्वारा बगैर सूचना के ब्लास्ट किया गया हो। पूर्व में भी अचानक इस तरह ब्लास्टिंग करने से लोगों के घरों में दरारें पड़ चुकी हैं वहीं वाहन क्षतिग्रस्त हो चुके हैं।

**कॉलोनी के लोगों का फूटा गुस्सा, बोले-कमजोर हो रही इमारतें**





### ठेकेदार ने मांगी माफी दिया नुकसान का पैसा

रेलवे के ठेकेदार से हुई इस बड़ी चूक के चलते बाद में ठेकेदार द्वारा स्थानीय लोगों से मांफी मांगते हुए भविष्य में बगैर सूचना के ब्लास्टिंग न करने की बात कही गई। इसके साथ ही जिन लोगों की कारों में नुकसान हुआ उसकी भरपाई के लिए राशि भी संबंधित ठेकेदार द्वारा दी गई है। **वर्जन**ः ठेकेदार को ताकीद कर दिया है कि भविष्य में बगैर सूचना किसी तरह की ब्लास्टिंग न करे। आगे से ब्लास्टिंग के वक्त मै स्वयं मौके पर मौजूद रहूंगा।

**बसंत कुमार**, साइट इंजीनियर, रेलवे

### *धमाके से उछले पत्थरों से चार कारों के फूटे ग्लास*

*बुधवार सुबह करीब 11 बजे के लगभग अचानक बगैर सूचना के की गई ब्लास्टिंग से हेडगेवार कॉलोनी के चार व्यक्तियों की कारों के फ्रंट एवं डोर ग्लास फूट गए जिससे लोगों को हजारों रुपए का नुकसान हो गया। इसके साथ ही ब्लास्टिंग से उछटकर कॉलोनी तक पहुंचे बोल्डर, पत्थर लोगों की घरों की छतों और मकानों के अंदर तक जा पहुंचे। ईश्वरीय कृपा से सिर्फ जनहानि होने से टल गई।*

### *साप्ताहिक हाट के बावजूद की गई ब्लास्टिंग*

*मुख्यालय पर हर बुधवार साप्ताहिक हाट-बाजार होने से पाटन सहित आसपास के अनेक ग्रामों के लोग खरीदारी करने राजगढ़ आया करते हैं। ऐसे में ब्लास्टिंग सहित अन्य कार्य बुधवार को करना पूर्णतः मना है। इसके बावजूद निर्माण एजेंसी ने लोगों की जान जाखिम में डालते हुए डेटोनेटर से ब्लास्टिंग को अंजाम दिया।*

### फिट इंडिया थीम पर गणपति बप्पा का भव्य स्वागत

# ढोल-नगाड़ों के संग गणेशोत्सव बच्चों को मिला फिटनेस मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

27 अगस्त को प्रोग्रेसिव किड्स और प्रोग्रेसिव हाइट्स में गणपति बप्पा की स्थापना बड़े ही हर्षोल्लास और धार्मिक वातावरण में की गई। ढोल-नगाड़ों की गूंज और जयकारों के बीच पूरे प्रोग्रेसिव परिवार ने मिलकर



गणपति का स्वागत किया। इस वर्ष गणेशोत्सव की थीम प्रधानमंत्री योजना दृ फिट इंडिया मूवमेंट पर आधारित रही। बच्चों को स्वास्थ्य के महत्व को समझाने और अच्छे जीवन मूल्यों की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजन को विशेष स्वरूप प्रदान किया गया।

### *प्रसाद में स्वास्थ्य संदेश*

*सामान्य मिठाई और तैलीय प्रसाद के स्थान पर इस बार "नो शुगर दृ नो ऑयल" थीम पर स्वास्थ्यवर्धक प्रसाद वितरित किया गया।"स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूँजी है। यदि हम फिट रहेंगे और जीवन को संतुलित रखेंगे तो सच में सुखी और सफल रहेंगे।"का संदेश बच्चों और अभिभावकों तक पहुँचाया गया।*

### *रोबोटिक मूषक और इनोवेटिव जिम आकर्षण का केंद्र*

*बच्चों ने रोबोटिक लैब में इस थीम के अनुरूप एक जिम मॉडल तैयार किया। इस जिम में यह दर्शाया गया कि यदि आप हेल्दी फूड खाते हैं और नियमित व्यायाम करते हैं तो आप स्वस्थ और ऊर्जावान रहेंगे।*

### *यदि आप जंक फूड या अनहेल्दी खानपान अपनाते हैं तो स्वास्थ्य बिगड़ सकता है*

*इसके अलावा बच्चों द्वारा बनाए गए रोबोटिक मूषक (गणपति के वाहन) आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। ये मूषक तकनीक और भक्ति का अद्भुत संगम प्रस्तुत कर रहे थे। इस वर्ष की गणपति स्थापना को विशेष बनाने के लिए प्रोग्रेसिव परिवार ने इसे विभिन्न विषयों से भी जोड़ा। इसका उद्देश्य था बच्चों को यह समझाना कि गणपति बप्पा केवल विघ्नहर्ता ही नहीं बल्कि ज्ञान, विज्ञान और शिक्षा के प्रतीक भी हैं। भौतिकी बच्चों ने यह दर्शाया कि संतुलन और गति जीवन में उतने ही आवश्यक हैं जितने कि ब्रह्मांड में। जिम मॉडल में लगाए गए लीवर, गियर और रोबोटिक्स इसका प्रतीक बने।रसायन विज्ञान प्रसाद में "नो शुगर, नो ऑयल" का चयन बच्चों ने केमिस्ट्री की जानकारी वही जीव विज्ञान स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ मन का आधार है। बच्चों ने मॉडल्स के माध्यम से यह दिखाया । इस प्रकार, गणपति स्थापना केवल धार्मिक उत्सव न रहकर एक शैक्षिक प्रयोगशाला बन गई, जिसमें भक्ति, विज्ञान, संस्कृति और शिक्षा दृ सभी का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूरे कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति सजग करना और यह बताना था कि "सच्ची भक्ति वही है जो हमें अच्छे आदतों और स्वस्थ जीवन की ओर ले जाए। प्रोग्रेसिव परिवार ने इस अवसर पर यह संकल्प लिया कि आने वाली पीढ़ियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ बनाने में वे निरंतर प्रयासरत रहेंगे।*

### वाटर लेवल मेन्टेन करने मोहनपुरा बांध के 4 गेट खोले

## समूचे क्षेत्र में हुई लगातार बारिश से लबालब हो चुके हैं क्षेत्र के जलस्त्रोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले की कुल औसत वर्षा के लिहाज से क्षेत्र में अब तक काफी बारिश हो चुकी है। इस साल अत्यधिक बारिश के चलते सभी बड़े, छोटे बांध सहित अन्य जल-स्त्रोत लगभग-लगभग अपनी पूर्ण क्षमता के साथ भराए जा चुके हैं। बारिश का दौर अनवरत चालू रहने से आसपास से बहकर आने वाले पानी से मोहनपुरा बांध का जल स्तर लगातार बढ़ता ही जा रहा है।

ऐसे में बांध के निर्धारित वाटर लेवल को मेन्टेन करने बुधवार शाम 6 बजे बांध प्रबंधन द्वारा डैम के चार गेट खोल दिए गए। बांध प्रबंधक



अशोक दीक्षित ने बताया कि कुल चार गेट 0.5 मीटर खोलकर 305.632 क्यूमेक पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है।

बांध के गेट खोलने के एक घंटे पूर्व वहां स्थित बड़े सायरनों को बजाया गया वहीं शहर स्थित मोहनपुरा कार्यालय स्थित सायरल भी एहतियात के तौर पर बजाया गया ताकि लोग अलर्ट हो जाएं।

### *कुंडालिया बांध 40 फीसदी खाली*

*मोहनपुरा बांध भलेंही लबालब भरा हुआ है लेकिन यदि बात कुंडालिया डैम की करें तो 400 मीटर क्षमता वाला यह बांध अभी 392 मीटर के लगभग ही भरा पाया है। प्रतिशत के लिहाज से बात करें तो यह बांध फिलहाल 58 फीसदी के लगभग भरा हुआ है।*

### गुर्जर समाज ने मनाई सम्राट मिहिर भोज जयंती



**माचलपुर।** गुर्जर युवा समिति ने गुर्जर सम्राट मिहिर भोज की जयंती धूमधाम से मनाई। प्रसिद्ध पड़ापड़ के देवरा मंदिर पर मंगलवार दोपहर बड़ी संख्या में समाज के युवा एकत्रित हुए और देव महाराज की पूजन आरती के पश्चात बाईक रैली निकाली। आगे डीजे की धुन पर युवा सम्राट माहिरभोज और भगवान देवनारायण के जयकारे लगाते चले। युवाओं ने अखाड़े में हैरतअंगेज कारनामे भी दिखाए। यह रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी जहां नगर वासियों ने पुष्पवर्षा कर रैली का स्वागत किया। बाईक रैली का समापन नगर की पुरानी कृषि उपज मंडी में प्रसादी के उपरांत हुआ।

### शासन, प्रशासन के निर्देशों की अवहेलना पर कार्रवाई

## जिले के तीन निजी स्कूलों पर 4 लाख रुपए का ठोका जुर्माना




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के विभिन्न अशासकीय विद्यालय प्रबंधनों द्वारा अक्सर लापरवाहियों एवं शासन के निर्देशों के प्रतिकूल काम करने के मामले सामने आते रहते हैं।

लेकिन, इस बार कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने सख्त रुख अपनाते हुए ऐसे 3 लापरवाह निजी विद्यालयों पर 4 लाख का अर्थदंड अधिरोपित किया है। गत 26 जुलाई को कलेक्टोरेट में आयोजित निजी विद्यालयों को समीक्षा बैठक हुई थी जिसमे कुछ स्कूलों की लापरवाहियों पर सज्ञान लेते हुए राजगढ़ के राजेश्वर कॉन्वेंट स्कूल पर 2 लाख रुपए, सारंगपुर क्षेत्र के आसारेटा पंवार ग्राम के साईनाथ कॉन्वेंट स्कूल पर 1 लाख रुपए एवं सारंगपुर के ही शास्त्री स्मृति हाईस्कूल विद्या मंदिर पर 1 लाख रुपए की शाश्ती लगाई गई है। जारी आदेश के तहत तीनों स्कूल प्रबंधनों को कहा गया है की वे एक हफ्ते में उक्त दंड राशि लोक शिक्षण के खाते में ऑनलाइन जमा करवाएं।

### *निजी प्रकाशकों को किताबों को दे रहे थे वरीयता*

*राजगढ़ के राजेश्वर कॉन्वेंट स्कूल पर निजी पब्लिशरों की बुक्स संचालित करते हुए एनसीईआरटी के मापदंडों की अवहेलना की जा रही थी। साईनाथ एवं शास्त्री स्मृति स्कूल के संचालक न समीक्षा बैठक में उपस्थित हुए थे और न ही उनके द्वारा विभागीय नियमों का पालन किया जा रहा था।*

## राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता के लिए हुए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

पब्लिक स्कूल के होनहार विद्यार्थियों ने स्टेट जूडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीतकर स्कूल और पूरे ब्यावरा का नाम रोशन किया है । 22 से 25 अगस्त इंदौर मे आयोजित जुडो स्टेट ओपन चैंपियनशिप मे बच्चों का शानदार प्रदर्शन रहा जिसमे ज्योतिराज प्रजापति ने -66 किलोग्राम मे स्वर्ण पदक जीता हरिओम प्रजापति ने -81 किलोग्राम मे और देशराज यादव ने -90 किलोग्राम मे रजत पदक जीतकर जिले को गोरवान्वित किया और साथ ही भोपाल मे आयोजित संभाग स्तरीय शालेय जूडो प्रतियोगिता में ज्योतिराज प्रजापति, हरिओम प्रजापति, सुमित प्रजापति,और देशराज यादव इन खिलाड़ियों का गुना मे होने बाली 8 से 13 सितंबर तक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। छात्रों की इस सफलता पर संस्था समिति अध्यक्ष




आर एस राजपूत ,समिति सदस्य , सोनू राजपूत , मंजू गुप्ता, कृष्णा भदौरिया सुमित्रा भट्ट एवं संस्था प्राचार्य एस के जैन तथा समस्त स्टाफ सदस्यों चयनित छात्रों एवं खेल शिक्षक शुभम राजपूत एवं जितेन्द्र धनगर को बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं ।

## महिला समूह की बैठक में प्रस्तुत किया आय-व्यय का लेखा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा महिलाओं के समूह बनाकर उन्हें वित्तीय सहायता उपलब्ध कराकर विभिन्न रोजगारोन्मुखी कार्यों से जोड़ा जा रहा है। इसी कड़ी में जैतपुराखुर्द की विश्वास महिला सामुदायिक संस्था की वार्षिक साधारण सभा की बैठक जिला परियोजना प्रबंधक संदीप सोनी की उपस्थित में आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 में हुए आय-व्यय का लेखा-जोखा एवं ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इसके साथ ही लखपति दीदी, ग्राम संगठन समीक्षा, कर्मचारी समीक्षा आदि मुद्धों पर भी चर्चा करते हुए आजीविका शपथ दिलवाई गई। बैठक के दौरान जिला टीम द्वारा सीएलएफ को और बेहतर कार्य करने हेतु उचित मार्गदर्शन प्रदान करते हुए आवश्यक सुझाव दिए गए। इसके उपरान्त सर्वश्रैष्ठ संगठन व कर्मचारियों को पुरस्कार स्वरूप प्रशस्ति-पत्र व शील्ड प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला प्रबंधक अमित रावत, आशीष कौषिक, नोडल अधिकारी दीपक वर्मा, ब्लॉक प्रबंधक व स्व-सहायता समूह की दीदियां उपस्थित रहीं।

## शांति समिति की बैठक में लिए कई अहम निर्णय

- **धार्मिक त्यौहार गणेशोत्सव , डोल ग्यारस , अनंत चतुर्दशी पर्वो को लेकर शांति समिति की बैठक हुई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

पुलिस थाना परिसर में थाना प्रभारी रवि ठाकुर की मुख्य उपस्थित में धार्मिक त्यौहार गणेशोत्सव , डोलग्यारस , अनंत चतुर्दशी पर्वो को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। जहां पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कालुसिंह तोमर, नपा सीएमओ प्रभार देवनारायण दांगी सहित जनप्रतिनिधि , अधिकारी , कर्मचारी दोनों समुदाय के गणमान्य नागरिकों पत्रकारों की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में इन त्यौहारों को शान्ति सौहार्द भाईचारे के साथ व्यवस्थित ढंग से मनाने पर विचार विमर्श कर निर्णय लिये गये। नगर मे डोलग्यारस पर्व पर निकलने वाला विशाल चल समारोह (डोल जुलूस) प्रतिवर्षानुसार की भांति दोपहर तीन बजे चैपड़ा बाजार से प्रारंभ होकर बुधवारिया बाजार,जवाहर चैक, इंदर चैराहा, आवास कॉलोनी से शिवशंकर ताल छापीश्वर महादेव मंदिर बांध पर पहुंचेगी जहां पर भगवान की पुजा अर्चना उपरांत स्वागत समारोह तथा अन्नपूर्णा मंदिर पर पहुंचकर आरती प्रसाद वितरण पश्चात भगवान के विमान अपने-अपने मंदिरों में जावेगे। इस दौरान अन्नपूर्णा मंदिर के पास स्थित मस्जिद में नमाज साढ़े आठ बजे होवेगी।मस्जिद में नमाज उपरांत निर्धारित समय पर माँ अन्नपूर्णा मंदिर पर भगवान के विमान पहुंचने का निर्णय लिया।

### पत्नियों ने पति की लंबी उम्र के लिए रखा हरतालिका तीज का व्रत

**सुठालिया।** मंगलवार को महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र एवं दांपत्य जीवन सुख समृद्धि के लिए हरितालिका तीज का व्रत रखा गया यह व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए सबसे शुभ व्रत माना जाता है इस दिन माता पार्वती और भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए खास पूजा की जाती है तीज की सुबह महिलाएं स्नान कर व्रत का संकल्प लेती है पूजा में मां पार्वती और भगवान शिव की प्रतिमा को फल फूल और सुहाग की सामग्री से सजाया जाता है मेहंदी चूड़ियां और श्रृंगार का इसमें खास महत्व हे दिन भर निर्जला व्रत रखा जाता है यानी न जल न अन्न शाम को महिलाएं कथा सुनकर भजन कीर्तन करती है इससे दापत्य जीवन में सुख शांति और समृद्धि आती है तीज सिर्फ व्रत नहीं बल्कि आस्था प्रेम और समर्पण का प्रतीक है परलापुरा लक्ष्मीकांत मंदिर पर महिलाओं ने रात्रि जागरण किया।

### तहसील के 97 गांवों के किसानों को नहीं मिली फसल बीमा की राशि, अन्नदाताओं में पनपा आक्रोश

# खुजनेर में किसान संघ ने खोला मोर्चा, विद्युत विभाग के सामने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

भारतीय किसान संघ द्वारा बुधवार को आक्रोशित किसानो ने अपनी मांगों को लेकर नगर में ट्रैक्टर रैली निकाल पचोर सोयत हाइवे को चक्काजाम किया ग्रामीण क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसान खुजनेर मांगलिक भवन में एकत्रित हुए जिसके बाद नारेबाजी करते हुए नगर के शिमला बस स्टैंड राजगढ़ चैराहा होते हुए दशहरा मैदान विद्युत विभाग के सामने पहुंचे जहा किसानों ने चक्काजाम किया किसान संघ द्वारा तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमें प्रमुख मांगे थी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों के साथ एक बुहत बड़ा धोखा है जो किसी के समझ नहीं आ रहा है, जितनी राशि प्रीमियम के माध्यम से बीमा कंपनी को जमा की जाती है, उतनी राशि भी किसानों को बीमा के नाम पर नहीं दी जाती, क्राप कटिंग में नुकसान होना पाया, उसके बाद भी किसानों को बीमा लाभ नहीं मिला(

कई हल्के छूट गये कुछ गांवों में 5-10 लोगों को नाम मात्र की फसल बीमा मिला बाकी किसान मुंह देखते ही रह गये अगर सरकार बीमा नहीं देना चाहती तो यह योजना बंद कर देखें ताकि डोन सर्वे का बहाना ना बनाना पड़े, सरकार और बीमा कंपनी की मिलीभगत से लाखों किसानों के साथ बहुत बड़ा



**आक्रोशित किसानो दी उग्र आंदोलन की चेतावनी**



षडयंत्र हो रहा है समय रहते इसका समाधान किया जावें सरकार द्वारा जिन फसलों का समर्थन मुल्य घोषित किया जाता है उन फसलों को समय पर खरीदने की सुचारु व्यवस्था की जावें एवं समर्थन मुल्य से कम दाम किसान की फसल ना बिके इसकी कानूनी गारंटी दी जावें नहीं तो समर्थन मुल्य घोषित करना बंद किया जावें सरकार रासायनिक खाद और बीज को लेकर बड़े दावें करती है लेकिन हकीकत कुछ और ही है किसान को सीजन में भी खाद नही मिलता है बाजार से अधिक दाम पर खाद खरीदना पड़ता है सरकार की नाक के नीचे नकली खाद बीज, एवं कीटनाशक दवाई बाजार में खुलेआम बिक रहा है यहां भी किसानों के साथ धोका किया जा रहा है कोई रोकने वाला नहीं है, ऐसे लोगों पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जावें ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत वितण कंपनी द्वारा मनमानी राशि का बिल दिया जा रहा है जो नियमित उपभोक्ता है उन्हीं से अधिक राशि ली जा रही है कई उपभोक्ता बिना कनेक्शन के विद्युत का उपयोग कर रहे है उनके उपर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है इस व्यवस्था में सुधार किया जावें। समय रहते बंद लाईन को आगामी सीजन के लिऐ दुरुस्त करवाई जावें विद्युत की कटौती रोज शाम के समय की जा रही है, उसको बंद किया जावें गौ वंश की रक्षा के लिए सरकार को कोई ठोस कदम उठाना चाहिए, गाय सिर्फ किसान के खुटे पर ही सुरक्षित रह सकती है, इसलिऐ किसान को प्रति गाय पर 1 हजार रुपये मासिक दिया जाना चाहिए ताकि गाय भी सुरक्षित रहे और साथ ही जैविक खेती को भी बढ़ावा मिले ग्राम धुआखेड़ी में विगत माह में ग्रामीणजनों को राशन नही दिया गया।

इसकी जांच करवा कर तत्काल राशन वितरण करवाया जावें ग्राम रसूलपुरा में लगभग 50 किसानों के खेत पर जाने का रास्ता बंद है उसको तत्काल खुलवाया जावें खजनेर मण्डी में व्यापारियों द्वारा सरेआम मनमानी की जा रही है. बार बार कहने के बाद भी किसान की फसल का भगतान है व्यापारियों के निवास पर किया जा रहा है जिसके कारण जो व्यापारी मनमानी कर रहा है उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जावें ग्राम गौरियाखेड़ा एवं पाडल्याखेड़ी ग्रिड से शाम के समय बार बार विद्युत कटौती की जा रही उसको बन्द किया जाए भारतीय किसान संघ द्वारा इन सभी को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन जिसमें जिला अध्यक्ष बद्रीलाल नागर जिला कार्यकारणी सदस्य डालचंद्र भिलाला तहसील अध्यक्ष विष्णु दांगी तहसील मंत्री रामकरण नागर तहसील उपाध्यक्ष राजेश नागर हरिनारायण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के किसान मौजूद रहे।